अनुक्रमांक
नाम

(I)-2023(1)

I-1

प्रश्न–पुस्तिका
प्रथम सेमेस्टर – 2023
प्रथम प्रश्न–पत्र
(बाल विकास)

समय : 2.00 घन्टे

पूर्णांक : 50

निर्देश :
1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न–पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

Q1) केन्द्रीय प्रवृत्ति का मापक नहीं है- 1
1) मध्यमान
2) मध्यांक
3) प्रसार
4) बहुलक

Q2) थार्नडाइक ने सीखने से सम्बन्धित मुख्य कितने सिद्धान्तों का प्रतिपादन किया है- 1
1) 5
2) 4
3) 6
4) 3

Q3) नवजात शिशु में हड्डियों की संख्या होती है- 1
1) 100
2) 205
3) 270
4) 306

Q4) क्रिया-प्रसूत अधिगम सिद्धान्त के प्रतिपादक हैं- 1
1) टालमैन
2) स्किनर
3) कोहलर
4) हल

Q5) आपराधिक प्रवृत्ति का सर्वाधिक विकास होता है- 1
1) शैशवावस्था
2) बाल्यावस्था
3) किशोरावस्था
4) प्रौढ़ावस्था

Q6) संज्ञानात्मक क्षमता की कमी से व्यक्तित्व में कठिनाई होती है- 1
1) शारीरिक विकास में
2) बौद्धिक विकास में
3) व्यावसायिक विकास में
4) समायोजन में

Q7) "किसी दूसरी वस्तु की अपेक्षा एक ही वस्तु पर चेतना का केन्द्रीकरण अवधान है" यह कथन है- 1
1) क्रो एण्ड क्रो
2) वुडवर्थ
3) डम्बिल
4) एवरिल

Q8) बुद्धि का विकास लगभग पूर्ण हो जाता है- 1
1) शैशवावस्था में
2) बाल्यावस्था में
3) किशोरावस्था में
4) सभी अवस्थाओं में

Q9) सीखने को प्रभावित करने वाला सबसे प्रभावपूर्ण कारक है- 1
1) प्रेरणा
2) ध्यान
3) रुचि
4) स्मृति

Q10) बालक के अभिप्रेरणा उत्पन्न करने का प्रमुख स्रोत है- 1
1) उद्दीपक
2) रुचि
3) आवश्यकता
4) उपर्युक्त सभी

https://www.upboardonline.com

Q11) आनुवांशिकता का वाहक होता है- 1
1) आर. एन. ए.
2) केन्द्रक
3) जींस
4) शिरा

Q12) व्यक्तित्व मापन की सबसे अच्छी विधि है- 1
1) व्यक्तिगत
2) वस्तुनिष्ठ
3) प्रक्षेपण
4) ये सभी

Q13) भाटिया बैटरी परीक्षण सम्बन्धित है- 1
1) अभिरुचि से
2) व्यक्तित्व से
3) बुद्धि से
4) इनमें से कोई नहीं

Q14) शिक्षा में सर्जनात्मकता का प्रयोग किस रूप में होता है- 1
1) सीखना
2) तर्क
3) चिन्तन
4) कल्पना

Q15) पियाजे के अनुसार बालक के संज्ञानात्मक विकास की स्थितियां हैं- 1
1) दो
2) चार
3) छह
4) तीन

https://www.upboardonline.com

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

Q16) शिक्षक को बाल मनोविज्ञान का ज्ञान क्यों आवश्यक है? 1
Q17) बाल्यावस्था की प्रमुख दो विशेषताएँ लिखिए। 1
Q18) बालक में विस्मृति कम करने के दो उपाय बताइये? 1
Q19) रुचि का शैक्षिक महत्त्व लिखिये। 1
Q20) अधिगम स्थानान्तरण सम्प्रत्यय को स्पष्ट कीजिए। 1
Q21) व्यक्तित्व विकास में शिक्षा किस प्रकार प्रभावी है? 1
Q22) बुद्धि की कोई एक परिभाषा बताइए। 1
Q23) शैशवावस्था की प्रमुख दो विशेषताएं लिखिए। 1
Q24) समायोजन क्या है? 1
Q25) व्यक्तित्व की कोई एक परिभाषा लिखिए। 1
Q26) अधिगम का अर्थ स्पष्ट कीजिए। 1
Q27) कल्पना से आप क्या समझते हैं? 1
Q28) सन्तुलन को कोई एक उदाहरण देकर समझाइए। 1
Q29) अधिगमान्तरण क्या है? 1
Q30) शैशवावस्था में शिक्षा का स्वरूप कैसा होना चाहिए? 1

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q31) शिक्षा में वैयक्तिक भिन्नता के प्रभाव की विवेचना कीजिए। 2
Q32) किशोरावस्था में शिक्षा का स्वरूप कैसा होना चाहिए? 2
Q33) "अवधान व अभिरुचि एक सिक्के के दो पहलू हैं" स्पष्ट कीजिए? 2
Q34) स्मृति के प्रभावी कारकों का उल्लेख कीजिए। 2
Q35) प्रक्षेपी परीक्षण से आप क्या समझते हैं? किन्ही दो प्रक्षेपी परीक्षण का नाम बताइए। 2
Q36) सीखने के वक्र से आप क्या समझते हैं? इनके विभिन्न प्रकारों का उल्लेख कीजिए। 2
Q37) बाल विकास का क्षेत्र स्पष्ट कीजिए। 2
Q38) तर्क और चिन्तन को स्पष्ट कीजिए। 2
Q39) व्यक्तित्व की व्याख्या कीजिए। व्यक्तित्व मापन आप किस प्रकार करेंगे? 2
Q40) सीखने की प्रभावशाली विधियों का उल्लेख कीजिए। 2

https://www.upboardonline.com